# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2024, शुक्ल पक्ष (श्रावण) विक्रम संवत - 2081, अगस्त | ई बुलेटिन मासिक

# आपदा में सेवादूत बनें स्वयंसेवक




केरल, वायनाड में आपदा राहत कार्य करते स्वयंसेवक

हिमाचल में आपदा राहत कार्य करते स्वयंसेवक

बाढ़ इत्यादि के प्रकोप से पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर परिस्थिति अत्यंत भयावह हो रही है। जैसे असम, केरल एवं हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा में बहुत बड़ी संख्या में परिवार अपने घर-बार खो चुके हैं एवं पूरा जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्राकृतिक त्रासदी में सेवा भारती एवं रा. स्व. स. के स्वयंसेवकों द्वारा पीड़ितों तक हर संभव सहायता पहुँचाने का सेवा कार्य चल रहा है।



असम में आपदा राहत कार्य करते स्वयंसेवक



हिमाचल में आपदा राहत कार्य करते स्वयंसेवक



केरल में आपदा राहत कार्य करते स्वयंसेवक

| | |
|---|---|
| 13122 | शिक्षा |
| 7343 | स्वास्थ्य |
| 5808 | सामाजिक |
| 4556 | स्वावलम्बन |

## सेवा कार्यवृत्त

“नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 30829 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।”

# स्व. सूर्य नारायणराव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना तृतीय प्रशिक्षण वर्ग - अनुभूति छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)



राष्ट्रीय सेवा भारती ने अपने कार्यकर्ताओं के बहुमुखी विकास एवं प्रबंधन क्षमता बढ़ाने के दृष्टिकोण से स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना के लिए पूरे भारतवर्ष से प्रथम समूह के चयनित 27 कार्यकर्ताओं के साथ कार्यकर्ता विकास योजना की विकास यात्रा प्रारंभ की। इस कार्यकर्ता विकास योजना में सभी विकास यात्री सक्रिय एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्यरत हैं। इसी कड़ी में स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना के तृतीय प्रशिक्षण वर्ग "अनूभूति" छ.संभाजी नगर (महाराष्ट्र) में 23 जुलाई 2024 से 29 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया है। वर्ग के उद्घाटन सत्र में मा. अनिल भालेराव जी (देवगिरी प्रांत संघचालक) एवं डॉ. सतीश कुलकर्णी जी (अध्यक्ष- डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिष्ठान, छ. संभाजीनगर) उपस्थित रहें।

इस वर्ग में 25 उत्साही विकास यात्रियों ने एक परिवर्तनकारी 6- दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। जिसमें ग्रामीण और नगरीय सेवा बस्तियों के प्रकल्पों को उनके कार्य क्षेत्र में जाकर परियोजना सम्बंधित जानकारी प्रत्यक्ष दर्शन कर एवं कार्यशाला में विशेषज्ञों के माध्यम से प्रकल्प परियोजना प्रबंधन, गतिविधियाँ, लक्ष्य, उद्देश्य, मूल्याङ्कन PRA सिद्धांत, उपकरण और तकनिकी,कम्युनिकेशन व्यवस्थापन, संवाद कौशल एवं लोकाभिमुकता जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

वर्ग के समापन सत्र में श्री दिवाकर कुलकर्णी जी अध्यक्ष-सावित्रीबाई फुले महिला एकात्म समाज मंडल, छ.संभाजीनगर) एवं सुधीर कुमार जी (अ.भा. संगठन मंत्री-राष्ट्रीय सेवा भारती ) उपस्थित रहे।












## प्रान्त : कोंकण

दिनांक 6 जुलाई 2024, शनिवार को शिक्षक मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शिव कल्याण केंद्र सायन में संपन्न हुआ। मासिक प्रशिक्षण में संस्कार, प्रार्थना, मंत्र, प्रेरक प्रसंग, कहानियां, व्यावहारिक ज्ञान, बैठकर खेलने के खेल और बच्चों के खेल सभी विषयों को शामिल किया गया। नए प्रवेश और नए छात्रों के लिए डाटा संग्रह कैसे किया जाए, इस पर चर्चा की गई। डॉ. रामकुमार ( राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय सेवा भारती),सतीश कुमार जी, भावना जी उपस्थित थे। डॉ. रामकुमार जी ने शिक्षकों की शिक्षा, रोजगार, संस्कृति, व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव के विषयों पर चर्चा की। भावनाजी ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में मार्गदर्शन दिया। इस प्रशिक्षण में कुल 34 शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



## प्रान्त : अवध

उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार को हुए रेल हादसे में घायलों और पीड़ितों को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सेवा भारती अवध प्रांत (गोंडा) के स्वयंसेवक मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर न सिर्फ पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया, बल्कि रक्त देकर उनका जीवन भी बचाया। इस मौके पर संघ के 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया। साथ ही, स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर यात्रियों के बिखरे पड़े सामान आदि को एकत्र कराया। स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट ब्लड भी डोनेट किया।






## प्रान्त : मालवा

कला कौशल प्रदर्शनी सेवा भारती नीमच,मालवा प्रान्त द्वारा संचालित बालिका छात्रावास **"सेवा मंदिर"** की बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित राखियों की 3 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन दिनांक 07/08/2024 को हुआ। प्रदर्शनी में विक्रय के लिए रखी गई राखियों के साथ साथ लड्डू गोपाल जी के लिए बनाई गई पोशाकों को सभी ने सराहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मा. डॉ. ममता जी खेडें(SDM) थीं जिन्होंने बालिकाओं की इस कला प्रदर्शनी को प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन एवं प्रस्तुतियां बलिकाओं द्वारा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सेवा भारती समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के उपरांत सभी ने बालिकाओं द्वारा बनीं राखियां क्रय की। बालिकाओं द्वारा निर्मित पेपर बैग्स में ही राखियां दी गई।





## प्रान्त : मेरठ

माधव समर्पण समिति द्वारा संचालित माधव कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम दिनांक 7 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री राजकुमार मटाले जी (रा. स्व. सं. के अ. भा. सह सेवा प्रमुख) एवं अन्य अधिकारी, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 166 बालक, बालिका तथा युवक, युवतियां उपस्थित रहें। जिन्हे माधव सेवा समिति की ओर से प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इन्हे तीन माह तक कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।




## प्रान्त : जोधपुर

सेवा भारती जोधपुर सेवा कुंज बालिका छात्रावास में दिनांक 29 जुलाई 2024 से 5 अगस्त 2024 तक आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया इसमें 37 बालिकाओं ने भाग लिया। 5 अगस्त 2024 को इस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बालिकाओं ने सप्ताह भर में लिए गए प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया।



## प्रान्त : तेलंगाना

सेवा भारती तेलंगाना ने एलसीएच सेवा भारती सीता राम ईश्वर चंद्र चैरिटेबल अस्पताल में नए ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टर, सेवाभारती सीएसआर भागीदार, लायंस क्लब के सदस्य और सामाजिक उद्यमी उपस्थित रहें।



## प्रान्त : पंजाब

सेवा भारती गुरदासपुर द्वारा मेरीटोरियस स्कूल में 50 पौधे लगाकर वन महोत्सव मनाया गया। सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता के विभिन्न प्रकल्पों के साथ वातावरण को शुद्ध, स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए पिछले कई सालों से हर साल उपयुक्त स्थानों पर 1000 से 1500 तक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रही है।




## प्रान्त : मध्यभारत

सेवा भारती, मध्यभारत निशुल्क चिकित्सा शिविर पूर्णकालिक, महिला कार्यकर्ता के लिए चिकित्सा शिविर में एनीमिया, ब्लड प्रेशर, शुगर को लेकर उनकी रोकथाम, कारण, और बचने के उपाय के बारे में बताया गया।



## प्रान्त : दिल्ली

सेवा भारती दिल्ली एवं नेशनल मेडिकल आर्गेनाईजेशन (NMO) के तत्वावधान में विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत हमारे पत्रकार भाई / बहनों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए 21 जुलाई 2024 (रविवार) को सेवा भारती के डायग्नोस्टिक एंड डायलिसिस सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। परामर्श के लिए एलोपैथी एवं होमोपैथी के डॉक्टर उपलब्ध थे। विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत 50 से ज्यादा पत्रकारों ने इस सुविधा का लाभ लिया।

# स्वावलंबन आयाम के अंतर्गत जोधपुर प्रान्त में सेवा भारती अनूपगढ़ द्वारा स्वावलंबन की एक अनोखी पहल
































**प्रान्त : उड़ीसा पूर्व**

दो दिवसीय स्वावलंबन एफपीओ बैठक क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 4 , 5 जुलाई 2024, उत्कल विपन्ना सहायता समिति द्वारा आयोजित की गयी।



**प्रान्त : जम्मू कश्मीर**

सेवा भारती के सदस्य डीपीएल डोडा में आयोजित पिपिंग समारोह में शामिल हुए। नव पदोन्नत 7 एसपीओ को सम्मानित किया।



**प्रान्त : मेरठ**

सेवा भारती नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर 70 के पैन आइसिस सोसाइटी में किशोरी विकास के साथ-साथ किशोरियों एवं उनकी माता को समव्यवहार के बारे में बताया गया।



**प्रान्त : केरल**

रामायण माह समारोह में श्री लक्ष्मण पेरुमल मंदिर में सेवा भारती अंकमाली सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।



**प्रान्त : तेलंगाना**

सेवा भारती तेलंगाना, सेवा भारती अस्पतालों के मार्गदर्शन में हैदराबाद की झुग्गियों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है।




**प्रान्त : पंजाब**

पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए सेवा भारती बरनाला स्कूल में लगभग 100 तुलसी के पौधे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को वितरित किये गए। इस आयोजन में बच्चों को कॉपी पेंसिल भी वितरण की गई।



# सेवित से सेवक बनने की यात्रा

## वनवासी सशक्तिकरण केंद्र बड़ा घोंसलिया, मेघनगर, जिला झाबुआ

मालवा प्रान्त

■ श्रीमती कामना खण्डेलवाल

बड़ा घोंसलिया केंद्र स्वावलंबन की दृष्टि से एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। समाज के जनजातीय वर्ग के समग्र विकास हेतु यह केंद्र वर्ष 2015 से भैया जी दाणी सेवा न्यास एवं सेवा भारती इंदौर के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जनजाती वर्ग काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं और शोषण का शिकार होते हैं। अतः यह ग्रामीण वर्ग गाँवों में ही रहकर स्वावलंबी बने इसके लिए युवकों व महिलाओं को स्थानीय संसाधनों से रोजगार सृजन हेतु स्वावलंबन की अनेकों गतिविधियाँ वर्ष भर चलती हैं, जिनमें कंप्यूटर प्रशिक्षण, नल फिटिंग, बिजली फिटिंग, मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण, चार पहिया वाहन चालक प्रशिक्षण, इलेक्ट्रॉनिक मशीन रिपेयरिंग प्रशिक्षण, मोटर रीवाइंडिंग प्रशिक्षण, ट्रैक्टर रिपेयरिंग प्रशिक्षण आदि सम्मिलित हैं। महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण, मेहंदी व ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण, गणेश प्रतिमा व स्वदेशी रंग का निर्माण प्रशिक्षण, स्वदेशी राखी व विद्युत झालर निर्माण प्रशिक्षण आदि भी समय समय पर दिया जाता है। फलस्वरूप मेघनगर व आसपास के क्षेत्रों में युवा वर्ग प्रशिक्षित होकर आत्मविश्वास से भरा जीवन जी रहा है। वह स्वयं तो आत्मनिर्भर हुआ ही है साथ में अन्य लोगों को भी प्रशीक्षित कर रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सिलाई का काम सीखकर बड़ा घोसलिया ,खच्चर टोड़ी, किशनपुरा ,पिपलोदा ग्राम की बहनें वर्तमान में घर पर ही सिलाई का कार्य करके स्वाभिमान से अपनी आजीविका चला रही हैं।

प्रशिक्षण के बाद शिक्षित माता- बहनों को सिलाई केंद्र में ही महिलाओं की पोशाक, झंडे ,झोले बनाने का काम देकर रोजगार उपलब्ध कराते हैं। मोटर साइकिल रिपेयरिंग का काम सीख कर ढेबर एवं रामा के दो युवक वर्तमान में मोटरसाइकिल की रिपेयरिंग का कार्य करके अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

### बिजली फिटिंग प्रशिक्षण

बांसवाड़ा जिले के सरोना ग्राम के कोदर सिंह जी डोडिया ने सेवा भारती द्वारा संचालित वनवासी सशक्तिकरण केंद्र बड़ा घोसलिया में आयोजित होने वाले बिजली फिटिंग प्रशिक्षण वर्ग में सन 2016 में 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण से पूर्व से ही कोदर सिंह जी बिजली फिटिंग का थोड़ा-थोड़ा काम सहयोगी के रूप में करते थे। 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कोदर सिंह जी ने 2016 से ही बिजली फिटिंग के क्षेत्र में स्वयं का कार्य प्रारंभ कर दिया। वर्तमान में कोदर सिंह जी बिजली फिटिंग के बड़े ठेकेदार हैं, जिनकी थांदला ,खवासा, बाँसवाड़ा क्षेत्र में हाल ही में 15 - 20 साइटों में बिजली फिटिंग का कार्य चल रहा है। बिजली फिटिंग के कार्य से कोदर सिंह जी एक माह में लगभग 1 लाख रु की आय अर्जित करते हैं। बीते 7 वर्षों में कोदर सिंह जी ने 25 अन्य युवकों को अपने सहयोगी के रूप में रखकर उन्हें रोजगार दिया एवं बिजली फिटिंग का कार्य सिखाया है।

सेवा भारती के माध्यम से प्रशिक्षण लेने से कोदर सिंह जी स्वयं भी स्वाबलंबी बने और अन्य साथियों को भी रोजगार देकर उनको स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहे हैं।




मोटरसाइकिल रिपेयरिंग

झाबुआ जिले के ग्राम ढेबर के मुकेश जी गमार ने सेवा भारती द्वारा संचालित वनवासी सशक्तिकरण केंद्र बड़ा घोसलिया में 7 दिन का मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण जनवरी 2021 में प्राप्त किया। प्रशिक्षण में आने से पूर्व मुकेश जी केवल मोटरसाइकिल का पंचर बनाना जानते थे , प्रशिक्षण में आने के बाद 7 दिनों में मोटरसाइकिल की सर्विसिंग करना ,पार्ट्स बदलना आदि कार्य सीख कर ,आज ग्राम ढेबर में अपने ही घर में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का गैरेज चलाते हैं। मुकेश जी सुबह शाम खेती का कार्य करते हैं और पूरे दिन अपने मोटरसाइकिल के गैरेज में रिपेयरिंग का कार्य करते हुए अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के कार्य से एक माह में 15000-18000 ₹ कमा लेते हैं तथा अपने ही गैरेज में 3 ग्रामीण युवकों को मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का कार्य सिखा रहे हैं। अब सेवा भारती केंद्र बड़ा घोसलिया में आयोजित होने वाले मोटरसाइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण वर्ग में मुकेश जी सहायक शिक्षक के रूप में भी अपनी भूमिका निभाते हैं।

संपर्क सूत्र : पीयूष साहू
✆: 8770015158

आगामी योजना

# सुपोषण जागरूकता अभियान

## 01 से 30 सितम्बर 2024



राष्ट्रीय सेवा भारती
का उपक्रम

## सुपोषित भारत

सुपोषित भारत - समर्थ भारत

राष्ट्रीय पोषण माह-सितंबर 2023 खाद्य अखाद्य एवं मात्रा का विचार भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। जब हम लोगों के कल्याण की कामना करते हुए मन्त्र बोलते हैं की **"सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः"** तो इसमें अच्छे स्वास्थ्यके लिए क्या खाना,कितना खाना और कब खाना यह उपलब्धसंसाधनों के उपयोग हेतु जागरण और अभ्यास का विषय है।अतः स्वस्थ माता-स्वस्थ बच्चे के विचार को केन्द्र में रखते हुए सेवा भारती की योजना से सम्पूर्ण भारत में **1 सितंबर से 30 सितंबर 2024** तक पोषण के महत्व के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाने हेतु; अपने हर प्रान्त में एक सप्ताह के लिए अभियान रहेगा। सुपोषण जनजागरण के लिए अपने प्रांत में सितंबर माह के कोई एक सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं।

- सुपोषण जागरूकता अभियान- पत्रक वितरण
- स्टीकर लगाना
- नुक्कड़ नाटक
- कठपुतली शो
- बस्ती बैठक / ग्राम सभा
- संगोष्ठी, व्याख्यान और संभाषण
- पोस्टर , बैनर लगाना
- सोशल मीडिया और पत्र पत्रिकाओं के लिए लेख लिखना
- पोस्टर-स्पर्धा (Poster making competition)
- लघु फिल्म (Short Film)
- सोशल मीडिया कैम्पेनिंग
- दीवार लेखन

**आपदा पीड़ितों के लिए बढ़ायें सेवा के हाथ**

QR CODE को SCAN करके
राष्ट्रीय सेवा भारती
आपदा पीड़ित सहायता कोष
में सहयोग करें

UPI ID : rashtriyasewabharati@sbi

BHIM | UPI

राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

कार्यालय पता:
राष्ट्रीय सेवा भारती
BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005

वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005